>

Title: Need to preserve Lanka Minar, in Kalpi Tehsil of Jalaun, U.P. as a heritage of archaeological importance.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) : सभापति महोदय, उत्तर प्रदेश के जनपद जालौन में, जो हमारा लोक सभा क्षेत्र है, उसमें तहसील कालपी में जो वेद व्यास की जन्मस्थली है, कुतुब मीनार जैसी एक मीनार है। उसकी लम्बाई भी वैसी है और ऊंचाई भी वैसी है। उसे क्षेत्रवासी और आसपास के लोग लंका के नाम से जानते हैं। उस लंका की स्थिति बड़ी जर्जर हो गई है। वहां हर साल मेला लगता है, लाखों लोग वहां आते-जाते हैं। मेरी आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग है कि उस मीनार को पुरातत्व विभाग अपने अंडर में ले ले और उसकी व्यवस्था करे। उसकी जो जीर्ण-क्षीण हालत हो गई है, उसकी मरम्मत करवाई जाए, जिससे उस मीनार को टूटने से बचाया जा सके। हम देखते हैं कि दिल्ली में कुतुब मीनार है और हमारे वहां लंका है।

मेरी पुन: आपके माध्यम से मांग है कि उसकी मरम्मत करवाई जाए और केन्द्रीय पुरातत्व विभाग उसे अपने अंडर में ले ले।